आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :388 पृष्ठ -4 दिनांक 30 जनवरी 2025 दिन गुरूवार

## महाकुंभ में भगदड़ के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का पहला बयान

## लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें.

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला बयान आया है. उन्होंने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें. सीएम ने कहा कि मां गंगा के जो जिस घाट के समीप है, वहीं स्नान करें. संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें. सीएम ने कहा कि स्नान के लिए कई घाट बनाए गए हैं जहां स्नान किया जा सकता है. सीएम ने कहा कि प्रशासन के निर्देशन का अनुपालन करें और व्यवस्था बनाने में सहयोग करें. साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें.दूसरी ओर ब्ड योगी को मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने पूरे मामले पर ब्रीफ किया है. मेला प्रशासन ने ब्ड को भगदड़ के कारणों की जानकारी दी. क्ळच प्रशांत कुमार प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद प्रयागराज प्रशासन के लगातार सम्पर्क में हैं.संगम



में स्नान का आग्रह छोड़ दें सीएम योगी के साथ ही धर्म गुरुओं ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है. स्वामी रामभद्राचार्य ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सभी संगम में स्नान का आग्रह छोड़ दें और निकटतम घाट पर स्नान करें. लोग अपने शिविर से बाहर न निकलें. अपनी और एक दूसरे की सुरक्षा करें. उन्होंने वैष्णव सम्प्रदाय के प्रमुख संत की हैसियत से सभी अखाड़ों और श्रद्धालुओं से अफवाहों से बचने का आह्वान किया.आत्म अनुशासन का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक स्नान करेंबाबा रामदेव ने कहा है कि करोड़ों श्रद्धालुओं के इस हुजूम को देखते हुए हमने फिलहाल केवल सांके. तिक स्नान किया है. इसके साथ ही समूचे राष्ट्र और विश्व के कल्याण की कामना की गई है. उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हम भक्ति के अतिरेक में न बहें और आत्म अनुशासन का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक स्नान करें. वहीं जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने भी कहा कि हमने फिलहाल सांकेतिक स्नान किया है. श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी ने बताया कि इस वक्त 12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में हैं. इतनी बड़ी तादाद में भीड़ को कंट्रोल करना मुश्किल होता है. हमारे साथ लाखों की संख्या में संतों का हुजूम है. हमारे लिए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है.

## महाकुंभ में भगदड़ पर मायावती बोली यह घटना अति-दुःखद व चिन्तनीय

महाकुंभ मेले में बुधवार तड़के मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं के उमड़ने के बाद भगदड़ जैसी स्थिति बनने से कई लोगों के घायल होने की सूचना है. इस घटना के बाद सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान नहीं करने का निर्णय किया है.इस बीच बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने दुःख जताया है. बसपा चीफ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा– प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुम्भ में हुई भगदड़ में, जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गवाई है व घायल हुये है. यह घटना अति–दुःखद व चिन्तनीय. ऐसे समय में कुदरत पीड़ितों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे, पार्टी की यही कामना.वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कुंभ मेले की स्थिति को लेकर बात की. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मोदी स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और अब तक आदित्यनाथ से दो बार बात कर चुके हैं. एक अधिकारी ने कहा, श्प्रधानमंत्री मोदी ने कुंभ मेले में स्थिति के बारे में योगी जी से बात की, घटनाक्रम की समीक्षा की और तत्काल सहायता उपाय करने को कहा.श् मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर श्रद्धालुओं से अपील की कि जो लोग मां गंगा के जिस घाट के समीप हैं, वे वहीं स्नान करें और संगम नोज की ओर जाने का प्रयास ना करें. मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी श्रद्धालु प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें, व्यवस्था बनाने में सहयोग करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें. मेले के लिए विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राणा ने पत्रकारों को बताया कि संगम नोज पर बैरियर टूटने से भगदड़ जैसी स्थिति बन गई जिसमें कुछ लोग घायल हुए हैं और उनका अभी इलाज चल रहा है. उन्होंने कहा कि किसी की भी स्थिति गंभीर नहीं है. घायलों को मेला क्षेत्र में स्थापित अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां कई घायलों के रिश्तेदार भी पहुंच गए हैं. इस बीच, अमृत स्नान करने पहुंचा प्रथम अखाड़ा महानिर्वाणी बिना स्नान किए लौट गया. अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने पत्रकारों को बताया, श्अखाड़ा परिषद ने आज की घटना को देखते हुए यह निर्णय किया कि आज हम सभी अखाड़े अमृत स्नान नहीं करेंगे.

## आज भी 40 जिलों में घने कोहरे की . चेतावनी, 48 घंटे में फिर बदलेगा मौसम, बादल बारिश का अलर्ट

31 जनवरी को पश्चिमी यूपी में हल्की बारिश के साथ छिछला से मध्यम कोहरा छाने की संभावना जताई गई है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के असर से 1 और 2 फरवरी को भी पश्चिमी यूपी में हल्की बा. रिश के आसार है। अगले 24 घंटों के दौरान यूपी के अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं आएगा।आज 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन प्रदेश में मौसम साफ रहेगा लेकिन कहीं कहीं मध्यम से घना कोहरा छा सकता है। 33 जिलों में बुधवार को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।अधिकतम तापमान में 4 दिन में 2 से 3 डिग्री की वृद्धि तो न्यूनतम तापमान अगले 5 दिनों के दौरान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होगी।30 जनवरी को मौसम साफ रहने के साथ ही तराई क्षेत्र में कहीं–कहीं पर घना कोहरा छाने की संभावना है।गोरखपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, कुशीनगर, श्रावस्ती, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर ,बहराइच, लखीमपुर खीरी, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और उसके आसपास के इलाकों में घना से अत्यधिक घना कोहरा छाने । आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर और सहारनपुर , शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और उसके आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाने का अलर्ट।उत्तर प्रदेश रू पूरे हफ्ते के मौसम का ताजा हाल31 जनवरी को पश्चिमी यूपी में हल्की बा. रिश के साथ छिछला से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है।इस दिन प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।पश्चिमी यूपी में 31जनवरी से 2 फरवरी तक कई इलाकों में बारिश होने की संभावना है।1 और 2 फरवरी को पश्चिमी यूपी में हल्की बारिश होने के आसार हैं। अगले 4 दिन में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तो न्यूनतम तापमान में अगले 5 दिनों के दौरान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है।

## बागपत के जैन मंदिर में मचान गिरने से सात लोगों की मौत, कई जख्मी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बागपत में भग. वान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व के दौरान हुए हादसे में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है.यह हादसा बड़ौत के गांधी रोड पर मानस्तम्भ परिसर में हुआ है.मेरठ मंडल के कमिश्नर ऋषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि अब तक सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. भास्कर ने कहा कि हादसे की जांच की जा रही है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी.बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया, "लकड़ी का एक स्ट्रक्चर गिर गया था, जिसमें कम से कम 40 लोग घायल हो गए हैं."अस्मिता लाल ने बताया, "इस हादसे में सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. कुछ घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है जबकि 20 लोग अस्पताल में भर्ती हैं."उन्होंने कहा, "ये कार्यक्रम 25 सालों से चल रहा है और हर साल इस तरह का मचान बनाया जाता है. इसके लिए अनुमति भी ली गई थी. हादसा क्यों हुआ ये जांच के बाद ही पता चल सकेगा."जब बड़ौत के गांधी रोड स्थित मानस्तंभ परिसर में भगवान आदिनाथ को लड्डू का भोग चढ़ाया जा रहा था.स्तंभ तक जाने के लिए ऊंचा मचान बनाया गया था, जिसका एक हिस्सा अचानक गिर गया.हादसे के समय परिसर में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे. पुलिस के मुता. बिक, 50 से अधिक लोग इस लकड़ी के मचान के नीचे दब गए.चश्मदीदों के घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया. कुछ घायलों को ई–रिक्शा और ठेलों पर रखकर अस्पताल ले जाना पड़ा.चश्मदीदों के श्हादसे के तुरंत बाद लोगों ने घायलों को बल्लियों से बाहर निकालना शुरू किया. पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच गए थे.श्इस हादसे में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं. ये घटनास्थल पर सुरक्षा के इंतजाम में तैनात थे.बागपत के पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और जिलाधिकारी अस्मिता लाल घटना स्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य का जायजा लिया.घटना के चश्मदीद राजन जैन ने बीबीसी को बताया, "मेरा घर ठीक मानस्तंभ के सामने है. अचानक तेज आवाज आई. मैं बाहर निकला तो देखा मचान गिर रहा है. धड़ाधड़ बल्लियां नीचे गिर रहीं थीं और लोग बचाओ–बचाओ चिल्ला रहे थे. करीब 100–150 लोग बल्लियों के नीचे फंसे थे."राजन जैन कहते हैं, "तुरंत एम्बुलेंस के लिए फोन किया गया था लेकिन एम्बुलेंस को पहुँचने में समय लग रहा था इसलिए लोगों ने ई–रिक्शा और अन्य साधनों से लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया. थोड़ी देर बाद एम्बुलेंस भी आ गई."राजन जैन कहते हैं, "इस मचान की ऊंचाई करीब 70–80 फिट थी. ये कार्यक्रम साल में एक बार होता है और हर साल इसी तरह से लकड़ी से मचान बनाया जाता है. इस बार ये हादसा क्यों हुआ, ये जांच का विषय है."

## कलयुग का श्रवण कुमार 92 वर्षीय माँ को हाथ गाड़ी में बैठाकर पैदल निकला महाकुंभ, संगम स्नान कराने का लिया संकल्प



यूपी के बुलंदशहर के हाईवे छ–34 पर एक कलयुग के श्रवण कुमार देखने को मिले. ये तस्वीर बुलन्दशहर के हाइवे छ–34 की है, जहाँ कलयुगी श्रवण कुमार अपनी माँ को लकड़ी से तैयार की गई गाड़ी में पीछे बैठाकर पैदल गाड़ी को खिंचते हुए नजर आए. शख्स मुजफ्फरनगर से महाकुंभ प्रयागराज अपनी बुजुर्ग माँ को महाकुंभ स्नान करवाने के लिए जा रहे है. हाइवे पर आते जाते लोग ये अनोखी पद यात्रा देकर दंग है. आपको बता दें कि, मुजफ्फरनगर नगर निवासी चौधरी सुदेश पाल मालिक अपनी 92 वर्षिय बुजुर्ग माँ जगवीरी देवी को लेकर महाकुंभ में स्नान करवाने के लिए पैदल प्रयागराज महाकुंभ के लिए निकले हैं. सुदेश पाल ने एक लकड़ी की हाथ से खींचने वाली गाड़ी तैयार की जिसमे अपनी बुजुर्ग माँ को पीछे बैठकर खुद पैदल चल गाड़ी को खिंचते हुए महाकुंभ स्नान करवाने के लिए निकले है. सुदेश पाल ने बताया कि महाकुंभ की जानकारी मिलते ही उनके मन मे अपनी बुजुर्ग माँ को पैदल चलकर महाकुंभ में स्नान करवाने के लिए जाऊँगा.मां के आशीर्वाद से ठीक हुआ पैरसुदेश पाल का कहना है वह पहले अपने पैरों से काफी परेशान थे उनके घुटने खराब हो गए थे डॉक्टर ने मना कर दिया था और कोई दवाई भी उन्होंने नही खाई और अब वह अपनी माँ के आशीर्वाद से ठीक हो गये है और अच्छे से चल सकते है. तो उन्होंने सोचा कि वह पैदल चलकर ही अपनी मां को महाकुंभ में स्नान करवाने ले जाएंगे. उनका 13 दिन का लक्ष्य है वह 50 किमी की दूरी रोज तैय कर रहे है. पिछले साल भी सुदेश अपनी माँ को अपने कंधों पर बैठाकर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार ले गए थे.इस बार वह प्रयागराज महाकुंभ के लिए पैदल अपनी माँ को स्नान करवाने लिए निकले है और उनका मानना है कि उनकी माँ के आशीर्वाद से कभी उन्होंने असफलता का मुंह नही देखा. उनको लगता है कि वह 13 दिन की वजह 12 दिन में ही प्रयागराज पहुँच जायेगे. अपनी बुजुर्ग माँ के साथ महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाएंगे.

## मुरादाबाद में प्रदूषण फैला रही अवैध पीतल भट्टियाँ . सील, पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई से हड़कंप

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में प्रदूषण फैला रही अवैध रूप से संचालित पीतल भट्टियों को प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने सील कर दिया. जिलाधिकारी के आदेश पर जिला पर्यावरणीय समिति द्वारा क्षेत्र में चल रही अवैध भट्टियों के संचालन पर शिकंजा कसने के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान अधिकारियों की मौजूदगी में दो इकाइयों को सील किया गया. वहीं अवैध रूप से चल रही कई इकाइयों के संचालक मौके से भाग निकले.अधिकारियों ने कहा कि एक भी अवैध इकाई संचालित होने नहीं दी जाएगी.डीएम अनुज सिंह के आदेश पर गठित पर्यावरणीय समिति द्वारा मुरादाबाद शहर में रामगंगा नदी के तटीय क्षेत्र भोजपुर, लालबाग, नवाबपुरा, बरवलान में अवैध रूप से संचालित भट्टियों में ई–कचरा जलाने वाली भट्टियों पर कार्रवाई की गई. संभागीय परिवहन विभाग, विधुत विभाग, नगर निगम मुरादाबाद, उप प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद के अधिकारियों द्वारा कोतवाली मुगलपुरा के पुलिस बल के साथ चेि. कंग अभियान चलाया. बरवलान क्षेत्र में संयुक्त सघन चेकिंग अभियान में अवैध रूप से रूप से संचालित दो इकाइयों को सील किया गया. जिसके बाद टीम लालबाग में स्थित ई–वेस्ट भट्टियों की चौकिंग करने पहुंची लेकिन कार्रवाई होते देख अवैध रूप से भट्टी चलाने वाले संचालक भाग निकले. कार्रवाई से पीतल कारोबारियों में हड़कंपइन अवैध पीतल भट्टियों पर कार्रवाई से पीतल कारीगरों में हड़कंप मचा हुआ है. शहर में ज्यादातर पीतल भट्टियां कोयले से ही ऑपरेट हो रही हैं, जो हवा में जहर घोल रही हैं. उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के असिस्टेंट इंजीनियर महेंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्रवाई में आरटीओ, नगर निगम और बिजली विभाग को भी शामिल किया गया है. बरवलान इलाके में चल रही दो अवैध भट्टियों को टीम ने सील कर दिया है. महेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई इसलिए की गई है क्योंकि इन अवैध भट्टियों से वातावरण में प्रदूषण फैल रहा था.

## फुल कैपेसिटी के साथ अलग-अलग शहरों से वाराणसी पहुंच रहे हैं विमान, मौनी अमवस्या के चलते बढ़ी भीड़

मौनी अमावस्या के दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के प्रयागराज महाकुंभ पहुंचने का अनुमान लगाया गया है. ऐसे में अनेक यात्री बस ट्रेन और हवाई जहाज के माध्यम से प्रयागराज पहुंच रहे हैं. इस दौरान बहुत से ऐसे श्रद्धालु है, जो वाराणसी होते हुए भी प्रयागराज से आवागमन कर रहे हैं. वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र,आंध्र प्रदेश, सहित अलग–अलग राज्यों से वाराणसी आने वाले विमान शत प्रतिशत क्षमता के साथ ही पहुंच रहे हैं.वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से एबीपी लाइव को मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी के लिए हफ्तों पहले से ही अलग–अलग शहरों से हवाई जहाज की टिकट बुक कर ली जाती है. आमतौर पर वाराणसी पहुंचने वाले विमान में कुछ सीट खाली भी होती हैं, लेकिन प्रयागराज महाकुंभ के दौरान इन दिनों शत प्रतिशत क्षमता के साथ देश के बड़े शहरों से विमान वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंच रहे हैं.

# अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन ने जिलाधिकारी से की भेंटवार्ता

## डीएम को स्वाधीनता के महासमर में अलीगढ़ पुस्तक की भेंट



अलीगढ़  अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन से कार्यालय कक्ष में भेंट वार्ता कर उनको स्वाधीनता के महासमर में अलीगढ़श्श पुस्तक भेंट की। इसके साथ ही संगठन द्वारा देश. हित में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी गई।संगठन के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने अलीगढ़ में आजादी की लड़ाई की अनेक घटनाओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया साथ ही अलीगढ़ नुमाइश में आजादी की लड़ाई पर आधारित प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के लिए दरबार हॉल में जगह निर्धारित है। श्री शर्मा ने बताया कि संस्कृति विभाग के निर्देश पर अलीगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम में साधु–संत एवं धार्मिक संस्थाओं के योगदान पर सामग्री संकलित की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को स्वतंत्रता संग्राम के अनेक फोटोग्राफ भी दिखाए।इस मौके पर संगठन के संरक्षक सरदार मनमोहन सिंह सचदेवा, उपाध्यक्ष कामेश गौतम, धर्मवीर सिंह, महामंत्री सुरेश चन्द्र शर्मा एवं श्रीमती रजनी तौमर उपस्थित रहे।

## नवागत मंडलायुक्त संगीता सिंह से श्री दिगम्बर जैन महासमिति के पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट



अलीगढ़ ।श्री दिगम्बर जैन महासमिति के प्रांतीय महामंत्री राजीव जैन के नेतृत्व मे जैन समाज का प्रतिनिधि मण्डल ने नवागत मंडलायुक्त संगीता सिंह से उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की ।वहां पर प्रतिनिधि मण्डल ने मंडलायुक्त का माला, अंग वस्त्र और बुके भेंट करके अभिनंदन किया ।वहीं राजीव जैन ने मंडलायुक्त को बताया कि सकल जैन समाज भगवान महावीर का 2551 वां निर्वाण महोत्सव वर्ष पूरे हर्षोउल्लास के साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे देश मे मना रहा है और इसी श्रंखला में अलीगढ़ में भी जैन समाज की विभिन्न संस्थाओं के द्वारा भोजन वितरण, चिकित्सा शिविर,अनाथालय में आवश्यक सामग्री का वितरण आदि अन्य कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किए जा रहे है जिसमें मंडलायुक्त द्वारा विश्वास दिलाया गया कि कार्यक्रमों में प्रशासन स्तर पर जो भी सहयोग अपेक्षित होगा उसे पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा ।इस मौके पर प्रांतीय संयोजक मुनेश जैन,मीडिया प्रभारी मयंक जैन और मण्डल अध्यक्ष नीरज जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने नुमाइश की तैयारियों को लेकर किया स्थलीय निरीक्षण



अलीगढ़  जिलाधिकारी ने 02 फरवरी से प्रस्तावित अलीगढ़ की राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को नुमाइश मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम कृष्णांजलि नाट्यशाला का निरीक्षण कर उसकी साज–सज्जा, लाइट एवं साउण्ड व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधूरी तैयारियां पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने दरबार हॉल में लगाए जाने वाले पुस्तक मेले को और अधिक भव्य एवं सार्थक बनाने के लिए बीएसए को निर्देशित किया कि नए लेखकों एवं ज्ञानवर्धक साहित्य को इसमें प्राथमिकता दी जाए ।जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण नुमाइश परिसर के भ्रमण के उपरांत कोहिनूर मंच का रूख किया, वहां पर रंगाई–पुताई एवं अन्य कार्य होते हुए मिले। जिस उन्होंने प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी एवं एडीएम सिटी को निर्देशित किया कि सभी मंचों को साज–सज्जा एवं साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाएं। उन्होंने कृषि कक्ष की तैयारियों के संबंध में उप कृषि निदेशक यशराज सिंह एवं उद्योग कक्ष के संबंध में प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बृजेश यादव से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि कृषि से संबंधित विभागों से समन्वय कर सभी स्टॉल्स एवं दुकानों को समय से लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्योग कक्ष की तैयारियों को लेकर निर्देशित किया कि उद्यमियों से वार्ता कर विभागीय योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय दुकानदारों के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाए ।निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर, सहायक आयुक्त उद्योग बृजेश यादव, नुमाइश बाबू अर्पित शर्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत पोषण पोटली वितरण एवं टीबी उन्मूलन शपथ का आयोजन



अलीगढ़ 29 जनवरी 2025 (सू0वि0)रू 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान के तहत बुधवार को जनपद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने कमिश्नरी सभागार में एवपं जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलैक्ट्रेट सभागार में क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षय रोगियों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलवाई ।कमिश्नरी में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त ने क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली का वितरण करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में टीबी के मामलों की पहचान करना और उन्हें सही उपचार एवं पोषण सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाते हुए कहा कि श्हमारे देश में टीबी उन्मूलन के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। यह अभियान समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और हमें मिलकर इसे समाप्त करना होगा ।कलैक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने क्षय रोगियों को गोद लिया और उन्हें पोषण सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि टीबी को समाप्त करने के लिए हर नागरिक का सक्रिय सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए अलीगढ़ जिला टीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है और स्वस्थ समाज की दिशा में सकारात्मक बदलाव ला रहा है ।सीएमओ डॉ नीरज त्यागी ने कहा यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम टीबी के खिलाफ संघर्ष करें और इसके उन्मूलन में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि जिले में अभियान के तहत अब तक उच्च जोखिम समूहों के 4 लाख 95 हजार से अधिक की स्क्रीनिंग की जा चुकी है साथ ही अब तक 1272 क्षय रोगी सम्पूर्ण अभियान में चिन्हित हो चुके हैं, जिन्हें नियमानुसार इलाज शुरू करने की प्रक्रिया करते हुए अन्य सुविधाओं देने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रदत्त है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा वर्ष 2023 से अब तक 49 हजार से अधिक पोषण पोटली का वितरण क्षय रोगियों को किया जा चुका है जिसमे जनपद स्तर पर सामाजिक संगठन व औद्योगिक घरानों के द्वारा निक्षय मित्र बनकर सहयोग देने में महत्वपूर्ण योगदान हैकार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे, जिन्होंने टीबी उन्मूलन के अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सेराजेम इंडिया के रीजन  2 के एम डी संजय अवस्थी 30 जनवरी को अलीगढ में

सेराजेम थेरेपी के निशुल्क कैंप में बुधवार को रामघाट रोड अलीगढ पर स्थित प्रकाश लोज पेट्रोल पंप के सामने, कैनरा बैंक के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गुरुवार को 331 व्यक्तियों ने सेराजेम थेरेपी का लाभ लिया । इस अवसर पर निदेशक संदीप पांडे ने बताया कि 30 जनवरी को प्रात:8 बजे  हमारे सेराजेम इंडिया रीजन 2 के एम डी संजय अवस्थी  का सानिध्य हम सबको प्राप्त होगा । अलीगढ में संजय अवस्थी सेराजेम थेरेपी की गहराइयों और इसके फायदे समझाने आ रहे हैं ।  लगभग दो घंटे अलीगढ में रहने के बाद संजय अवस्थी बदायूं  को प्रस्थान करेंगे ।

## तीन दिवसीय साई परिक्रमा महोत्सव 1 फरवरी से

अलीगढ़। सिद्ध पीठ मंदिर श्री साई बाबा सारसौल पर वसंत पंचमी के पावन पर्व पर भक्तों के कल्याणार्थ आगामी 1 फरवरी से 3 फरवरी तक तीन दिवसीय साई परिक्रमा महोत्सव का भव्यता पूर्वक आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयरियांमंदिर समिति द्वारा अंतिम दौर में चल रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष धर्म प्रकाश अग्रवाल ने  मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में बताया कि इस बार साई परिक्रमा महोत्सव और भी सुदृढ़ व्यवस्थाओं के साथ आयोजित किया जाएगा। जिसमें निरंतर मंदिर परिसर की 108 परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।. उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था से लेकर सीसीटीवी कैम. रों की व्यवस्था भी की जा रही है। भक्तों की परिक्रमा मार्ग में चाय और प्रसादी की व्यवस्था के अलावा एक मेडिकल कैंप भी परिसर में लगाया जा रहा है, ताकि किसी भी वक्त चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी परिक्रमा की तैयारियों को अंतिम रूप में देने में जुटे हुए हैं। साथ ही उन्होंने बताया  कि भक्तों के विश्राम की व्यवस्था भी मंदिर प्रांगण में की गई है। परिक्रमा ३१ जनवरी और १ फरवरी की मध्य रात्रि से३ फरवरी की रात्रि तक निरंतर ७२ घंटों तक चलेगी। साई बाबा, नवदुर्गासहित अन्य देवी–देवताओं वाले सिद्धपीठ साईमंदिर को भव्यता पूर्वक सजाया गया है ।बैठक में सचिव राज. कुमार गुप्ता, रवि प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विष्णुकुमार बंटी, राजा राजानी, पंकज धीरज, अनिरूद्ध अग्रवाल, ग्रीश गोविल, हरपाल अरोरा, कमल गुप्ता, ओमेंद्र माहेश्वरी, प्रेमकांत माहेश्वरी, रमन गोयल, रमेश चंद्र अग्रवाल, नितिन जिंदल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**अलीगढ़  जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया** गया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं प्रदत्त सुविधाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी जरूरतमंदों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाए। अस्पतालों में आने वाले मरीजों को समुचित इलाज मुहैया हो सके इसके लिए यदि कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर या मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी की आवश्यकता हो तो प्रस्ताव प्रस्तुत करें ।समीक्षा के दौरान खैर में एक्स–रे एवं छर्रा में पैथोलॉजी सुविधाओं की कम प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए सीएमओ को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। संस्थागत प्रसव की समीक्षा में जिला महिला चिकित्सालय समेत छर्रा, बिजौली, गभाना, बेसवां, महफूजनगर एवं पला साहिबाबाद की खराब प्रगति पर डीएम ने आशाओं के लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक महिलाओं के प्रसव चिकित्सालयों में कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लाभार्थियों के लंबित भुगतान को जल्द से जल्द उनके खातों में हस्तांतरित कर करा दिया जाए। प्रसव के दौरान मृत्यु दर की समीक्षा में विगत माह जेएनएमसी में 11 महिलाओं की मृत्यु होने पर डीएम ने प्रसव से पूर्व महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी सम्पूर्ण जाचें करने के उपरांत ही प्रसव कराने के निर्देश दिए ताकि मृत्यु दर को कम से कमतर किया जा सके। परिवार नियोजन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने जिले में पुरूष नसबंदी का कम प्रतिशत पाए जाने पर चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि संभ्रांत नागरिकों, अध्यापकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

## विधान से समाधानश्श कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इगलास विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

अलीगढ़ रू जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के आदेश के आलोक में अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नितिन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं सिविल जज (जू0डि0) इगलास गंधर्व पटेल एवं अन्य अधिकारीगण की उपस्थिति में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इगलास में महिलाओं के हितार्थ श्विधान से समाधानश्श कार्यक्रम के अन्तर्गत एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।महिलाओं के हितार्थ श्विधान से समाधानश्श कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में रिर्सोस पर्सन श्रीमती अंजली चौहान असिस्टेण्ट प्रोफेसर विवेकानन्द लॉ कॉलेज द्वारा उपस्थित छात्राओं व महिलाओं को कानूनी  प्रावधान यथा घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज उत्पीडन अधिनियम, महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध से सम्बन्धित भारतीय सुरक्षा संहिता की धाराओं, कन्या भ्रूण हत्या, पॉष एक्ट एवं पुरूशों के समान मि. हलाओं को भी पारिश्रमिक प्राप्त करने का अधिकार है, इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी ।बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती हितेष कुमारी द्वारा विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्राओं व महिलाओं को उ0प्र0 सरकार द्वारा सचालित कन्या सुमगला योजना, मुख्यमन्त्री बाल सेवा योजना, स्पोन्सरषिप योजना, निराश्रित महिला योजना एवं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोश इत्यादि के बारे में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। कन्या सुमगला योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुये अवगत कराया गया कि कन्या सुमगला योजना 06 चरणों में कार्य करती है। जिसमें प्रथम चरण में बालिका के जन्म के समय 05 हजार रूपये, द्वितीय चरण में बालिका की एक वर्ष की आयु होने पर उसका टीकाकरण पूर्ण होने पर 02 हजार रूपये, तृतीय चरण में प्रथम कक्षा में प्रवेश के समय 03 हजार रूपये, चतुर्थ चरण मे कक्षा 06 में प्रवेश के समय 03 हजार रूपये, पॉचवे चरण में कक्षा 09 में प्रवेष के समय 05 हजार रूपये व छठे व अंतिम चरण में कक्षा 10 व 12 के वाद डिप्लोमा या स्नातक प्रवेश के लिए 07 हजार रूपये प्रदान किये जाते है इस प्रकार बालिका के जन्म से लेकर उसके डिप्लोमा या स्नातक के प्रवेष के समय तक कुल 25000 रूपये की धनराशि माता–पिता के खातों मे प्रदान की जाती है। विधिक जागरूकता षिविर में उपस्थित नीतू उपाध्याय, ग्राम विकास अधिकारी, इगलास द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी ।श्रम प्रबर्तन अधिकारी आशीष अवस्थी द्वारा जागरूकता शिविर को सम्बोधित करते हुये श्रम विभाग द्वारा मजदूर महिला एवं मजदूर पुरूष के लिये चलायी जा रही योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि मजदूर के अन्तर्गत 40 प्रकार के कार्य आते है जैसे–बढई, इलेक्ट्रीषियन, राजमिस्त्री, प्लम्बर, दिहाडी मजदूर, गिटटी तोडने वाले मुजैक एवं मार्बल काटने वाले इत्यादि। मजदूरों को श्रम विभाग में अपना लेबर कार्ड अवश्य बनवाना चाहिये जिसकी वार्षिक फीस मात्र 20 रूपये है जिसका प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण होता है। मजदूर के यहां जन्म लेने वाले लडके व लडकियो को श्रम विभाग द्वारा सरकारी सहायता उपलब्ध करायी जाती है इसके साथ ही साथ श्रम विभाग द्वारा मजदूर के बच्चो की अच्छी शिक्षा करने के लिए अटल आवासीय विद्यालय गभाना में चलाया जा रहा है जिसमें लडके व लडकियां दोनो पढ सकते है अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 06 से लेकर कक्षा 12 तक शिक्षा दी जाती है इसके अतिरिक्त यहॉ पर पढने वाले बच्चो के लिये भी विभागीय नियमानुसार छात्रवृत्ति योजना भी चलायी जाती है। आशीष अवस्थी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि श्रम विभाग में जो मजदूर अपना रजिस्ट्रेशन कराते है उनको श्रम विभाग की तरफ का 05 लाख रूपये तक का बीमा राशि उपलब्ध कराया जाता है।

# रेलवे का तार चोरी करने वाले दो आरोपी दबोचे, दो फरार

मेंडू रेलवे स्टेशन के निकट की ओएचई टावर के शेड से 22 जनवरी को तार चोरी होने का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में मंगलवार को आरपीएफ ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है।हाथरस में पूर्वोत्तर रेलवे के मेंडू रेलवे स्टेशन पर स्थित ओएचई टावर शेड से तार चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। हाथरस सिटी स्टेशन आरपीएफ ने इस मामले का खुलासा किया है। मेंडू रेलवे स्टेशन के निकट की ओएचई टावर के शेड से 22 जनवरी को तार चोरी होने का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में मंगलवार को आरपीएफ ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तार व अन्य प्रकार की रेलवे की संपत्ति बरामद की गई है। आरपीएफ प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि ओएचई टावर शेड का ताला कटर से काटकर टावर वैगन में घुसकर ओएचई तार को कटर से काटकर चोरी किया गया था।

## अवैध शराब निर्माण बिक्री परिवहन भंडारण अपमिश्रण ओवर रेटिंग के प्रवर्तन अभियान

जनपद हाथरस' अलीगढ़ प्रभार। अवैध शराब निर्माणधबिक्री ध्परिवहन ध्भंडारणध्अपमिश्रणध्ओवर रेटिंग के प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशन तथा जिलाधिकारी हाथरस के पर्यवेक्षण तथा जिला आबकारी अधिकारी हाथरस के नेतृत्व में जनपद हाथरस में आबकारी टीम द्वारा थाना हाथरस गेट अंतर्गत लहरा , मंडी समिति, अलीगढ़ रोड क्षेत्र में स्थित विभिन्न देशी, विदेशी मदिरा एवं बीयर की दुकानों औचक निरीक्षण करते हुए स्टॉक का मिलान किया गया तथा राजस्व हित में सभी पॉपुलर ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए गए।कार्यवाही के दौरान श्री कृष्ण मोहन जिला आबकारी अधिकारी, क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर मय आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

## सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों में असंतोषजनक रैंकिंग से संबंधित विभागों के प्रगति की समीक्षा बैठक

हाथरस सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों में असंतोषजनक रैंकिंग से संबंधित विभागों के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने संबंधित अधिकारियों को रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करने पर पाया गया कि दशमोत्तर छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9–10), भवन निर्माण, आई0सी0डी0एस0 (पोषण अभियान), अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना, डे–एन0आर0एल0एम0 क्रेडिट लिंकेज, जल जीवन मिशन (हर घर जल), फैमिली आई0डी0, राज्य योजना, निपुण भारत मिशन, मध्यान्ह भोजन, नई सड़कों का निर्माणध्अनुरक्षण कार्य तथा ईको टूरिज्म आदि की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करतें हुए सम्बन्धित संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही करने के कडे निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने




कार्यो के भौतिक प्रगति के सापेक्ष उपलब्ध धनराशि से शतप्रतिशत ससमय भुगतान करने के निर्देश दिए। सी0एम0 डैशबोर्ड पर रैंकिंग में सुधार लाने हेतु उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने तथा विभागीय योजनाओध्इंडीकेटर्स में शत–प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जिस कारण रैंक खराब हुई उनका प्राथमिकता से ध्यान देकर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंकिंग खराब न हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे दायित्व के साथ कार्य करके लक्ष्यों को पूरा करें, ताकि रैंकिंग में अपेक्षित सुधार आ सके।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पर्याटन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, एल0डी0एम0, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम आदि उपस्थित रहे।

## हाथरस के इगलास रोड बाईपास स्थित प्रताप चौराहे पर एक दुखद घटना सामने आई

हाथरस के इगलास रोड बाईपास स्थित प्रताप चौराहे पर एक दुखद घटना सामने आई। 32 वर्षीय अजय कुमार उर्फ लोकेंद्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। अलीगढ़ के गांधी पार्क थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली के रहने वाले अजय पिछले 8 महीने एक दुकान पर वेल्डिंग का काम कर रहे थे।घटना की जानकारी तब मिली जब सुबह दुकान के मालिक प्रेमदत्त गौतम दुकान पहुंचे और दरवाजा नहीं खुला। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में जब दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे, तो दुकान के ऊपर बने हॉल में अजय का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाया गया।कारण नहीं बता सके परिजनमृतक के पिता उपेंद्र सिंह ने बताया कि वे नहीं जानते कि



उनके बेटे ने यह कदम क्यों उठाया। अजय के पीछे उनके दो छोटे बच्चे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। अजय अक्सर दुकान के ऊपर बने हॉल में ही रात को रुक जाते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 02 अभियुक्त घायल गिरफ्तार,

जनपद हाथरस थाना हसायन पुलिस टीम की कार्यवाही में चेकिंग के दौरान थाना हसायन क्षेत्रांतर्गत पशु चोरी की घटनाएं कारित करने वाले बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 02 अभियुक्त घायलधगिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस , 01 जिंदा कारतूस बरामद । पुलिस अधीक्षक हाथरस व अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में थाना हसायन पुलिस को चौकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति अभयपुरा मोड के पास घूम रहे है । उक्त सूचना पर चौकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियो को जाकर टोका परन्तु वह नहीं रुके और भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे । जिसके उपरांत थाना हसायान पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभयपुरा मोड के पास थाना हसायन पुलिस की बदमाशो से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में 02 अभियुक्त घायलधगिरफ्तार किया गया । पुलिस द्वारा घायल अभियुक्तो को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया । गिरफ्तार



अभियुक्तगणो के कब्जे से 02 अवैध तमंचा, 02 खोखा कारतूस , 01 जिंदा बरामद हुए है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हसायन द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।अभियुक्त गण शातिर किस्म के अपराधी है, जो जनपद हाथरस के अति. रिक्त अन्य जनपदो में घटनाऐ कारित की गयी है । अभियुक्त मुकीम उर्फ चूहा के विरुद्व चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि संगीन धाराओं में करीब दो दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है तथा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।पूछ. ताछ का विवरण– गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ मे अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि हम लोग मिलकर भैंस ध्पशु चोरी व टप्पेबाजी का काम करते है। हमने दिनांक 26ध27.01.205 की रात में ग्राम ढडौली मे एक घर से 2 भैंस चोरी की थी तथा चोरी की गई भैंस को हम लोगों ने सिरसागंज पैठ मे बेच दिया था। उन रुपयो को हमने आपस मे बराबर–बराबर बांट लिया था । अभियुक्त गणों से विस्तृत पूछताछ करते हुये अग्रेत्तर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## विश्व हिंदू महासंघ ने पत्रिका भेंटकर जिलाधिकारी महोदय का किया सम्मान

दिनांक 29 जनवरी 2025 को विश्व हिंदू महासंघ हाथरस के पदाधिकारी की एक बैठक जिला कार्यालय पर आहूत की गई जिसमें सभी पदाधिकारियों को विश्व हिंदू महासंघ की पत्रिका का वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश मंत्री श्री राजकुमार पाठक अलीगढ़ मंडल प्रभारी श्री आशीष कौशिक एडवोकेट प्रमुख रूप से उप. स्थित रहे। तत्पश्चात विश्व हिंदू महासंघ जिला अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारीयों ने कलेक्ट्रेट जाकर जिलाधिकारी महोदय श्री राहुल पाण्डेय जी का माला, पटका पहनाकर वह प्रतीक चिन्ह लेकर स्वागत किया गया । विश्व हिंदू महासंघ जिला अध्यक्ष द्वारा माननीय जिलाधिकारी महोदय को विश्व हिंदू महासंघ की पत्रिका भी भेंट की गई । जिसमें मंडल प्रभारी हरिगढ़ श्री आशीष कौशिक जी ने बताया कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर सिंह गंगवार जी के नेतृत्व में जिला कौशांबी के मंझनपुर में विश्व हिंदू महासंघ का प्रांतीय अधिवेशन हुआ जिसमें राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा विश्व हिंदू महासंघ की पत्रिका का विमोचन किया गया पत्रिका में नवनिर्वाचित पदाधिकारी की घोषणा भी की गई है । जिला प्रभारी विशाल वार्ष्णेय जिला सह प्रभारी अजय प्रधान जी जिला संगठन मंत्री सुधीर गुप्ता जिला प्रभारी युवा प्रकोष्ठ राम वर्मा जिला महामंत्री संजय सिंह राणा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा जिला मंत्री विशाल पाथरे आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे रहे



## वायरल का प्रकोप, मातृ छाया केंद्र के 25 बच्चे बीमार, दी गई दवाएं

हाथरस। केयर टेकर कल्याण सिंह ने बताया कि बच्चों को वायरल फीवर, सर्दी जुकाम की शिकायत हुई थी। फिलहाल तबीयत में सुधार है। आगरा रोड स्थित मातृ छाया केंद्र में 25 बच्चे बीमार पड़ गए। इन्हें उपचार के लिए जिला अस्पातल लाया गया। बच्चों को उपचार के बाद केंद्र पर भेज दिया गया। ये सर्दी, बुखार और जुकाम से पीड़ित थे। मातृ छाया केंद्र में अनाथ बच्चों को




निशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाती है। मौसम में आ रहे उतार चढ़ाव से केंद्र के कुछ बच्चे पिछले कई दिन से बीमार चल रहे थे। इन बच्चों को दवा दी जा रही थी। दोपहर को विद्यालय के करीब 25 बच्चों की तबीयत बिगड़ती देख केंद्र के केयर टेकर तत्काल बच्चों को बागला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां सीएमएस ने बच्चों के अलग से पर्चे बनवाए। इन बच्चों को अलग से उपचार उपलब्ध कराया गया। चिकित्सीय परामर्श के साथ साथ दवाएं दी गई। इसके बाद बच्चों को केंद्र भेज दिया गया। केयर टेकर कल्याण सिंह ने बताया कि बच्चों को वायरल फीवर, सर्दी जुकाम की शिकायत हुई थी। फिलहाल तबीयत में सुधार है। सीएमएस सूर्य प्रकाश ने बताया कि बच्चे आए थे , सभी को दवा दे दी गई है।

# 49 बसें जा चुकी हैं कुंभ मेले में, बसों की कमी से हो सकती है परेशानी



कासगंज, बुधवार को मौनी अमावस्या गंगा स्नान के लिए गंगा घाटों पर जाना चाहते हैं तो स्वयं की व्यवस्था कर लें, अन्यथा दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। डिपो की 49 बसें कुंभ मेले में जा चुकी हैं। श्रद्धालुओं के गंगा घाटों पर जाने से यात्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। जिससे बसों की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि व्यवस्थाएं की गई हैं, श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु कछला गंगा घाट, सोरों जी हरि की पौड़ी, लहरा गंगा घाट, कादरगंज गंगा घाट पर गंगा स्नान करने पहुंचेंगे। लेकिन इस बार कुंभ मेले के चलते डिपो के 81 बसों के बेड़े में 49 बसें कुंभ मेले में भेजी जा चुकी हैं। जिसके चलते बसों की कमी से यात्री परेशान हैं। ऐसे में मौनी अमावस्या पर जब श्रद्धालु यात्रियों की संख्या बढ़ेगी तो दिक्कतें हो सकती हैं। यात्रियों को बसों के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। वहीं भीड़ के चलते भी दिक्कतें होंगी।एआरएम ओम प्रकाश ने बताया कि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए बसों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं। वहीं अन्य डिपो की बसें भी सोरों जी, कछला गंगा घाटों की ओर जाएगी। यात्रियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। गंगा घाटों की ओर जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर अन्य मार्गों से बसों को हटाकर कछला मार्ग पर लगाया जाएगा।

## एटा जिले के जलेसर में एक महिला से लूट की वारदात का पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से किया खुलासा

एटा जिले के जलेसर में एक महिला से लूट की वारदात का पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी असलम पुत्र इदरीश को गिरफ्तार कर लिया है, जो सराय उम्दा बेगम का रहने वाला है।घटना गुरुवार की दोपहर की है, जब पीड़िता पूनम पत्नी रवी कुमार, जो मोहब्बतपुरा की रहने वाली हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को उनका रिश्तेदार बताकर उन्हें नशीली दवा खिला दी और सोने के आभूषण छीन लिए।मामले की गंभीरता को देखते हुए जलेसर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद आरोपी की पहचान की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पटना पक्षी बिहार के पास से गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने छीने गए आभूषण बेच दिए थे, जिनकी रकम 3550 रुपए पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी जलेसर सुधीर राघव, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर त्रिपाठी, कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार और कांस्टेबल आदेश कुमार की टीम शामिल रही।

## कासगंज में मानवता की एक अनूठी मिसाल सामने आई

कासगंज में मानवता की एक अनूठी मिसाल सामने आई है। यहां के व्यापारियों ने एक कैंसर पीड़ित युवक की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। 21 वर्षीय उत्कर्ष, जो एक सर्राफा व्यवसायी के यहां काम करने वाले कर्मचारी का इकलौता बेटा है, बोन कैंसर से जूझ रहा है। वर्तमान में वह मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में भर्ती है।परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज कराना मुश्किल हो रहा था। इस पर जिला सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री दीपक गुप्ता ने पहल की और समाजवादी पार्टी के सांसद देवेश शाक्य से मुलाकात की। सांसद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी मेधा रुपम को डेढ़ लाख रुपए की सहायता के लिए पत्र लिखा।इसके साथ ही कासगंज, अलीगढ़ और मथुरा के व्यापारियों ने भी मानवता का परिचय देते हुए चंदा एकत्र किया।व्यापारियों ने मिलकर 1 लाख 90 हजार रुपये की राशि जुटाई और पीड़ित के परिवार को सौंपी। व्यापारी समाज ने अन्य लोगों से भी युवक की मदद के लिए आगे आने की अपील की है। यह मामला दिखाता है कि कैसे समाज के विभिन्न वर्गों के लोग किसी जरूरतमंद की मदद के लिए एकजुट हो सकते हैं।

## नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज एवं श्रीमती शारदा देवी जौहरी नगरपालिका कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया

जनपद कासगंज। महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने औचक रूप से नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज एवं श्रीमती शारदा देवी जौहरी नगरपालिका कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया।इस निरीक्षण के दौरान कन्या इंटर कॉलेज का भवन काफी जर्जरहाल पाया गया। शिक्षण कक्ष की दीवारें, प्लास्टर व लिंटर टूटे हुए मिले। महिला आयोग की सदस्य ने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कभी भी बारिश के समय में भवन का कक्ष गिरने का हादसा हो सकता है। विद्यालय में विज्ञान लैब व कंप्यूटर लैब भी संचालित नहीं मिलीं।उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रवीणा यादव से पूछा तो उन्होंने बताया कि बारिश के समय में कॉलेज में पानी भर जाता है, जिससे छात्राओं को निकलने में काफी परेशानी होती है। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने एक रिपोर्ट डीएम को देने का भरोसा दिया। उन्होंने महाविद्यालय में निरीक्षण किया। महाविद्यालय में प्रसाधान कक्ष की भी कमी पाई गई। कंप्यूटर की सुविधा भी नहीं थी। फर्नीचर की कमी भी देखी गई।विद्यालय की प्राचार्य डॉ. रानू शर्मा ने उनको बताया कि लाइब्रेरी शिक्षण कक्ष में प्रसाधान सुविधा, भवन के दरवाजों की मरम्मत, मुख्य हॉल की मरम्मत के अलावा फर्नीचर की आवश्यकता है। उन्होंने संसाधनों का अभाव भी बताया। महिला आयोग की सदस्य ने उनकी समस्याएं भी सुनीं और मामले की जानकारी शासन व जिलाधिकारी को भेजने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि दोनों ही विद्यालयों में शिक्षण संबंधी सुविधाओं का अभाव है।

## एटा के भूतेश्वर मोक्षधाम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई

एटा के भूतेश्वर मोक्षधाम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां 80 वर्षीय बुजुर्ग गिरीश का शव 8 घंटे तक अंतिम संस्कार के लिए पड़ा रहा। शांति नगर निवासी गिरीश, जो एक मजदूर थे, लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को इस दुनिया को अलविदा कह गएदुखद पहलू यह है कि उनकी पत्नी और बच्चे उन्हें पहले ही छोड़कर जा चुके थे। कुछ समय तक वह अपने भाई–भतीजों के साथ रहे, लेकिन बाद में उन्होंने भी साथ छोड़ दिया। अंतिम समय में कुछ शुभचिंतकों के साथ रह रहे गिरीश के शव को वे लोग भी मोक्षधाम में छोड़कर भाग गए।शमशान घाट की देखरेख कर रहे संतोष साहू (बंगाली बाबू) ने जब यह देखा तो उन्होंने शव छोड़ने आए दो लोगों को रोका और मानव संस्कार समिति को सूचित किया। शाम तक किसी परिजन के न आने पर, संस्कार समिति के ट्रस्ट के सदस्यों ने विधि–विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया।जानकारी के अनुसार, मृतक अपने अंतिम दिनों में माल बाली गली पीपल अड्डे पर किसी परिचित के यहां रह रहे थे। यह घटना समाज में मानवीय मूल्यों के पतन और बुजुर्गों की दुर्दशा को दर्शाती है। जहां एक व्यक्ति को जीवन में भी और मृत्यु के बाद भी अपनों का साथ नहीं मिला।संस्था के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दियामोक्षधाम की देख रेख करने वाले संतोष साहू उर्फ बंगाली बाबू ने बताया कि कल दोपहर में ई रिक्शा पर रखकर दो चार लोग शव लेकर आए थे। जिनमें एक महिला भी थी। शव को रखकर जाने लगे थे। मैंने उन्हें रोका तो वह लोग कहने लगे कि दो बजे के बाद परिजन आयेंगे।शव का अंतिम संस्कार करेंगे। मैंने तत्काल सूचना संस्था के लोगों को कर दी। तत्काल संस्था के लोग आए और उन्होंने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर वीडियो फोटो बनाए। देर शाम को संस्था के लोगों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

## जिले में अपार आईडी बनाने में लापरवाही हो रही, आईडी बनाने में जिला 15वें स्थान पर

कासगंज। जिले में अपार आईडी बनाने में लापरवाही हो रही है। आईडी बनाने में जिला 15वें स्थान पर है। अभी तक 45 प्रतिशत छात्रों की ही आईडी बनी है। शासन से पांच फरवरी तक का समय निर्धारित किया है शासन से कक्षा एक से 12 तक निजी शिक्षण संस्थान, राजकीय शिक्षण संस्थान, वित्तविहीन शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले सभी छात्रों की अपार आईडी अनिवार्य की गई है। इसमें 12 अंक का एक नंबर दिया जा रहा है। इस नंबर से छात्र की पूरी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और दस्तावेजों के सुरक्षित डिजिटलीकरण को सुनिश्चित करना है, लेकिन जिले में इस महत्वपूर्ण आईडी को तैयार कराने में विद्यालय गंभीरता नहीं दिखा रहे। जिले में 3,15,051 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जानी है।

## कासगंज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को धूमधाम से मनाने के लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी

कासगंज। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष को धूमधाम से मनाने के लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार से 31 जनवरी तक अटल स्मृति संकलन अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होंगे।जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि अटल स्मृति संकलन अभियान के तहत अटल विहारी वाजपेयी के साथ साझा किए गए किसी भी क्षण की स्मृति को संग्रहित किया जाएगा। यह स्मृति पेपर कटिंग, किताब पर दिया ऑटोग्राफ, ऑडियो क्लिप, वीडियो क्लिप किसी भी रूप में हो सकती है। इसके लिए कार्यकर्ता लोगों के पास जाकर उनको सम्मानित करेंगे तथा स्मृति को सम्मानपूर्वक लेकर संकलित करेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी या संघ के किसी अनुसांगिक संगठन के साथ कार्य करदने वाले सभी वरिष्ठ जनों को सूचीबद्ध किया जाएगा।

## कासगंज मौनी अमावस्या पर गंगा घाटों पर गूंजे हर–हर गंगे के स्वर श्रद्धालुओं ने गंगा में किया स्नान, जरूरतमंदो को दिया दान





मौनी अमावस्या का पर्व बुधवार को मनाया गया। गंगा के घाटों पर पहुंचकर स्नानार्थियों ने गंगा में स्नान किया। गंगा मईया की पूजा कर जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य कमाया। घरों में भगवान विष्णु की पूजा की गई। लोगों ने घरों में उपवास रख मौनी अमावस्या का व्रत खोला। इस दौरान गंगा के घाट हर हर गंगे के जयकारों से गूंजने लगे। माघ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मौनी अमावस्या के रूप में मनाया गया। तमाम श्रद्धालुओं ने सुबह गंगा स्नान के बाद अपना मौन तोड़ा तो घरों में महिलाओं और पुरुषों ने भी स्नान से पहले मौन रखा। स्नान के बाद ही मौन तोड़कर भगवान विष्णु की पूजा की और अन्न जल ग्रहण किया। गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु सोरों, लहरा, कछला, कादरगंज गंगाघाटों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। राजस्थान और मध्य प्रदेश से आने वाले श्रद्धालु ने भी गंगा स्नान के बाद देवदर्शन किए। सूर्य की पहली किरण से पहले ही श्रद्धालुओं ने हर–हर गंगे के जयकारों के साथ गंगा में डुबकी लगाई। सोरों की हरिपदी गंगा, लहरा गंगाघाट, पटियाली के कादरगंज घाट एवं जिले की सीमा से लगे कछला गंगाघाट पर भी श्रद्धालु की भीड़ देर सांय तक लगी रही है। श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने साधु संतों को भोजन कराया। जरूरतमंद और कुष्ठ रोगियों को यथा सामर्थ अन्न, धन, वस्त्र देकर पुण्य लाभ उठाया।जगह जगह हुए जाम के हालात मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान को लेकर अधिकांश श्रद्धालु मंगलवार की शाम को ही गंगा घाटों पर पहुंच गए थे। जहां उन्होंने भोर की किरण के साथ गंगा में स्नान किया। वहीं बुधवार को भी श्रद्धालुओं के अतिरिक्त वाहनों को लेकर जगह–जगह जाम के हालात रहे। गोरहा से कछला तक वाहनों की कतारे लगी रहीं। जाम खुलवाने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों को कड़ी मशक्त का सामना करना पड़ा।पितरों की शांति के लिए किया हवन पूजन मौनी अमावस्या के अवसर पर सोरों गंगा घाट पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। डुबकी लगाकर गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने पितरों की शांति के लिए हवन पूजन किया। तीर्थ पुरोहितों ने हवन पूजन कराया। पितरों के लिए शांति का पाठ किया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों के किनारे पूजन अर्चन करते नजर आए।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट हिंन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्याय ही होगा

कासगंज, एसबीआर इंटर कॉलेज के शिक्षक ने छात्र के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट से गुस्साए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पटियाली पुलिस को तहरीर देकर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।पटियाली कस्बे के मुहल्ला चौक निवासी कृष्ण गोपाल पुत्र राजेश कश्यप जो कक्षा 12 वीं का छात्र है। वह कस्बे के श्रीमद् भागवत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में पढ़ता है। 29 जनवरी को प्रोजेक्ट फाइल दिखाने के लिए शिक्षक सुशील कुमार के पास गया था। आरोप है कि जहां शिक्षक ने छात्र के साथ बिना वजह डंडा उठाकर मारपीट कर दी। जिससे उसके राइट साइड के कंधे और हाथ में दबी चोटें लगी हैं। उसके हाथ और कंधे में सूजन है। इस घटना की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। वह छात्र को साथ लेकर पटियाली थाने पहुंचे। जहां शिक्षक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।